प्रादेशिक समाचार

दिनांक–04.10.2023 (दोपहर–1455 बजे)

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज पलामू में 28 करोड़ की लागत से बने मेधा डेयरी के मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट का उद्‌घाटन किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के साथ कृषि मंत्री बादल और वित मंत्री रामेश्वर उरांव उपस्थित रहे। मेधा डेयरी प्लांट से पलामू प्रमंडल के 25 हजार से अधिक पशुपालक किसानों को लाभ मिलेगा। वर्तमान में यहां दूध की पैकेजिंग होगी। पलामू का मेधा डेयरी प्लांट राज्य का सातवां डेयरी प्लांट है।

****

रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की द्विमासिक बैठक आज मुंबई में शुरू हुई। बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास शुक्रवार को मौद्रिक नीति वक्तव्य जारी करेंगे। मौद्रिक नीति समिति की पिछली बैठक में ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया था। वर्तमान में रेपो रेट छह दशमलव पांच प्रतिशत, रिवर्स रेपा रेट तीन दशमलव तीन पांच और बैंक रेट छह दशमलव सात पांच प्रतिशत है। रिजर्व बैंक ने 2023–24 के लिए सकल घरेलू उत्पाद छह दशमलव पांच प्रतिशत रहने का अनुमान व्यक्त किया है।

****

झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक कल होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में राजधानी रांची के प्रोजेक्ट भवन में होनेवाली इस बैठक में कई प्रस्तावों पर मुहर लगेगी। इसे लेकर सभी विभागों को इस संबंध में प्रस्ताव देने का निर्देश दिया गया है।

****

झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने भारतीय उच्च आयोग द्वारा होटल केम्पेस्की में आयोजित स्वागत समारोह में हिस्सा लिया। इस समारोह में भारतीय शिष्टमंडल में शामिल सभी राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष और लोकसभा के सदस्य शामिल हुए। घाना के संसद के बहुमत दल के सदन नेता ओसी केयी मेन्सा बोन्सु भी शामिल हुए। जैसा कि आपको मालूम हो 6 दिवसीय दौरे पर विधानसभा अध्यक्ष घाना की राजधानी अकरा में हैं। यहां 66 वां राष्ट्रमंडल संसदीय संगठन की बैठक आयोजित की गयी है। जिसमें 60 से अधिक देशों के सांसद, विधानसभा अध्यक्ष और सदस्य शामिल हुए।

****

गुमला में नेतरहाट घाटी के जोहन डेरा के पास बॉक्साइट लदा ट्रक 500 फीट गहरी खाई में गिर गया, जिसमें सवार छह लोगों में से 2 की मौत हो गई है। ग्रामीणों व बिशुनपुर पुलिस के सहयोग से रेस्क्यू किया जा रहा है। घायल चार लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर लाया गया है।

****

लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा मोटर वाहन दुर्घटना और बीमा क्लेम को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

साउंड बाईट – गोपी कृष्ण कुंवर – 46 सेकेंड

****

लोहरदगा में शहीद पुलिस अधीक्षक अजय कुमार सिंह का शहादत दिवस मनाया गया । इस अवसर पर शहर में स्थित अजय उद्यान मे शहीद एसपी अजय कुमार सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और पुलिस के जवानों ने उन्हें सलामी दी। मौके पर उपविकास आयुक्त पुलिस अधीक्षक और अनुमंडल पदाधिकारी सहित कई पुलिस और प्रशासनिक

पदाधिकारी मौजूद थे। वहीं शहीद अजय कुमार सिंह की याद में लोहरदगा ब्लॉक परिसर स्थित नगर भवन में व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसने विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज ईडी कार्यालय नहीं गये। पूछताछ के लिए मुख्यमंत्री को ईडी द्वारा पांचवां समन भेजा गया था। इस संबंध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है. मुख्यमंत्री ने कोर्ट का फैसला आने तक ईडी से इंतजार करने का अनुरोध किया था. वे आज पलामू दौरे पर हैं।

****

रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन को डिफॉल्ट बेल मामले में उच्च न्यायालय से भी राहत नहीं मिली है। उच्च न्यायालय ने उनकी याचिका को आज खारिज कर दिया है।

****

पाकुड समाहरणालय के सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद विजय हांसदा की अध्यक्षता में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए।

********समाप्त*************